मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 20/09/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 258/2024
20 सितम्बर 2024
झारखंड मंत्रालय, रांची
===========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात।
===========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष श्रीमती रंजीता हेंब्रम, महासचिव श्री राहुल कुमार तथा केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री रिंकू कुमार ने मुलाकात की। इस अवसर पर संयुक्त रूप से उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष झारखंड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन तथा अन्य लंबित मुद्दों के समाधान के लिए राज्य सरकार की ओर से पहल किए जाने का अनुरोध किया तथा मुख्यमंत्री को सदस्यों की भावनाओं से अवगत कराया।

मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे संघ के साथ है। राज्य सरकार इस दिशा में बहुत तेजी से काम कर रही है। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की लंबित मांगों पर राज्य सरकार की ओर से सहानुभूति पूर्वक यथोचित विचार किया जाएगा।

###

==========================

TeamPRD(CMO)